दिनांकः 25.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज 58 संसदीय क्षेत्रों में मतदान हो रहा है।
- लोकसभा चुनाव के तहत राज्य में अब तक कुल 69 हजार 795 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए।
- प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित–सर्वाधिक 49 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज।
- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के दिये निर्देश।

.......................

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज 58 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में बिहार की आठ, हरियाणा की सभी दस, झारखंड की चार, दिल्ली की सभी सात, ओडीशा की छह, उत्तरप्रदेश की चौदह, पश्चिम बंगाल की आठ और जम्मू कश्मीर की एक लोकसभा सीट के लिए मतदान हो रहा है। ओडिशा विधानसभा के 42 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए भी आज वोट डाले जा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेन्द्र प्रधान, मेनका गांधी, मनोहर लाल, संबित पात्रा और कांग्रेस नेता दीपेन्द्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा, राज बब्बर सहित प्रमुख नेताओं के राजनीतिक भाग्य का फैसला होगा। समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेन्द्र यादव और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के भी सियासी भविष्य का फैसला आज इवीएम में बंद हो जायेगा।

.......................

उच्च्तम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्रवार मतदान प्रतिशत अपलोड करने की याचिका पर चुनाव आयोग को निर्देश जारी करने से इनकार कर दिया है। न्यायालय ने चल रही चुनावी प्रक्रिया के बीच "हस्तक्षेप रवैया" नहीं अपनाने का समर्थन किया है। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और सतीश चन्द्र शर्मा की अवकाश पीठ ने कल याचिका पर सुनवाई को स्थागित करते हुए कहा कि इसकी सुनवाई लोकसभा चुनावों के सम्पन्न होने के बाद की जाएगी।

.......................

लोकसभा चुनाव के तहत राज्य में अब तक कुल 69 हजार 795 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं। 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 1 लाख 40 हजार 907 सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए थे। इनमें से 1 लाख 32 हजार 381 मतदाताओं ने इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट डाउनलोड किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पोस्टल बैलेट और इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट सिस्टम से डाले गए वोटों की गणना के लिए प्रदेश में 800 टेबल लगाई जाएंगी। एक टेबल पर 200 से ढाई सौ मतों की गणना की जाएगी। राज्य में पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए 400 मतगणना सुपरवाइजर और 800 मतगणना एजेंट नियोजित कर इन्हें समुचित प्रशिक्षण दिया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 14 हजार 211, सीकर से 8 हजार 686 और अलवर से 7 हजार 564 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट मिले हैं। वहीं सबसे कम बांसवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में 77 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं।

.......................

खाद्य सुरक्षा और औषधि नियंत्रण विभाग की ओर से मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कल 11 हजार 824 किलो मिलावटी घी जब्त किया गया। विभाग के अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि धौलपुर के रीको औद्योगिक क्षेत्र में एक फर्म से घी के तीन नमूने लिये गये। साथ ही, संदेह के आधार पर 9 हजार 898 किलो घी भी जब्त किया गया। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है।
एक अन्य कार्रवाई में गंगापुरसिटी में 324 लीटर घी जब्त कर घी के तीन सैंपल लिये गये। भरतपुर में सीएमएचओ टीम ने एक फर्म से एक हजार पांच सौ किलो घी जब्त किया गया।

.......................

नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने बीकानेर नगर विकास न्यास के सचिव और कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव को ई—फाईलिंग का काम कम होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। कल वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से नगरीय विकास विभाग और आवासन विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने सिटीजन सर्विसेज से संबंधित लंबित मामलों में लापरवाही बरतने पर आबू, बाड़मेर, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, पाली और सीकर के स्थानीय निकायों को भी नोटिस जारी करने को कहा है।

.......................

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू के हालात बने हुए हैं। इससे आमजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सर्वाधिक अधिकतम तापमान फलौदी में 49 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिक है। इसके अलावा, जैसलमेर में 48 दशमलव 3, बाड़मेर में 48 दशमलव 2, जोधपुर में 47 दशमलव 6, डूंगरपुर में 47 दशमलव 1, कोटा में 46 दशमलव 7, श्रीगंगानगर में 46 दशमलव 6, चित्तौडगढ में 46, बीकानेर में 45 दशमलव 8 तापमान रिकॉर्ड किया गया। राजधानी जयपुर में पारा 42 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।
सीकर, बीकानेर और हनुमानगढ में तेज गर्मी से आम जीवन अस्त व्यस्त है। भीषण गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। सुबह से ही सूरज की तपिश के कारण बाजार और सड़कें सूनी नजर आ रही हैं। जोधपुर में तेज गर्मी को देखते हुए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से —

.......................

मौसम विभाग ने आगामी 72 घंटों में राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी भागों में तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी की संभावना व्यक्त की है। इस के साथ ही आगामी दिनों में तीव्र हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

.......................

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा है कि हीटवेव को लेकर राज्य रेड अलर्ट श्रेणी में है। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने आगामी समय में अत्यधिक गर्मी और लू की चेतावनी दी है। इस स्थिति के मद्देनजर सभी चिकित्सा प्रबंधन हीटवेव से बचाव और उपचार की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्रीमती सिंह ने अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, वॉटर कूलर जैसी आवश्यक सुविधाओं को सुचारु रखने पर जोर दिया। श्रीमती सिंह कल जयपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों और हीटवेव प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने तात्कालिक आवश्यकताओं को देखते हुए आरएमआरएस की बैठक तुरंत बुलाकर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।
बैठक के दौरान श्रीमती सिंह ने मौसमी बीमारियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए डेंगू और मलेरिया पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एन्टीलार्वा और सोर्स रिडक्शन सहित अन्य गतिविधियां सघनता के साथ किये जाने के भी निर्देश दिये।

.......................

राज्य सरकार ने तेज गर्मी के कारण राज्य में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश के लिए जिला कलेक्टरों को अधिकृत किया है। महिला और बाल विकास विभाग के सचिव डॉ. मोहन लाल यादव ने इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किये हैं। डॉ. यादव ने कहा कि अवकाश के दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को उनके घरों पर ही पोषाहार वितरण सुनिश्चित किया जाए।

.......................

आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने कहा है कि लू और तापघात से आमजन तथा पशु—पक्षियों को राहत देने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। श्री कुमार ने कल सभी जिला कलेक्टरों को विभिन्न विभागों की जिला और ब्लॉक स्तर पर समन्वय स्थापित कर इसकी सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि हीटवेव एडवायजरी के अनुसार इससे बचाव की प्रभावी रोकथाम की जाए। हीट स्ट्रोक के उपचार के लिए आवश्यक उपकरणों और दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने सभी धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर पीने का पानी और छाया की व्यवस्था करने की भी बात कही।

.......................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित कर प्रदेश में अटल भूजल योजना का प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में जल संरक्षण को जन आन्दोलन का रूप देने की आवश्यकता है। श्री पंत ने कहा कि यह योजना भूजल प्रबन्धन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। श्री पंत ने कल जयपुर में अटल भूजल योजना की अन्तर्विभागीय संचालन समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल भूजल योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ काम कर अधूरी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करें। उन्होंने अधिकारियों को योजना की साप्ताहिक समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।

.......................